क्या तू लेकर जाएगा

क्या दुनिया में लाया था क्या तू लेकर जाएगा,
मुठी बाँध के आया था हाथ पसारे जाएगा,
क्या दुनिया में लाया था क्या तू लेकर जाएगा,

झूठे जग के रिश्ते है कौन यहाँ पर तेरा है,
दुनिया रेन बसेरा है क्या तेरा क्या मेरा है,
जो बोया वो पायेगा क्या तू लेकर जाएगा,

जिसको अपना कहता है ना कोई तेरा अपना है,
दो दिन की जिंदगानी है बाकी जूठा सपना है,
नाम प्रभु संग जाएगा राम नाम जो पायेगा,
जो बोया वो पायेगा क्या तू लेकर जाएगा,

मेहल बनाया लकड़ी का तेज हवा ले जाती है,
दुनिया रंग बिरंगी है कोई न तेरा साथी है,
जो चहल राम गुण गायेगा भव सागर तर जाएगा,
जो बोया वो पायेगा क्या तू लेकर जाएगा,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15699/title/kya-tu-lekar-jaayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |